दिन–शुक्रवार दिनांक– 06/10/2023

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. केन्द्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दी जानकारी– पैंतालीस दिन या उससे अधिक की संविदा आधारित नौकरियों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग को अब आरक्षण का लाभ मिलेगा।

02. सर्वोच्च न्यायालय ने बिहार में जातीय गणना के जारी आंकड़ों पर रोक लगाने से इंकार किया। मामले की सुनवाई अगले वर्ष जनवरी महीने में होगी।

03. आरबीआई ने ब्याज दरों में कोई बदलाव न करते हुए रेपो दर छह दशमलव पांच प्रतिशत पर बरकरार रखा। आवासीय ऋण, वाहन ऋण और अन्य ऋणों पर ईएमआई में नहीं होगा कोई परिवर्तन।

04 और, एशियाई खेलों में भारत ने हॉकी का स्वर्ण पदक अपने नाम किया। बाईस स्वर्ण, चौंतीस रजत और उनतालीस कांस्य समेत पंचानवे पदक के साथ पदक तालिका में चौथे स्थान पर।

---

केन्द्र सरकार की संविदा आधारित नौकरियों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग को अब आरक्षण का लाभ मिलेगा। आज सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीश संजीव खन्ना और एस.वी.एन. भट्टी की पीठ ने इस मामले की सुनवाई की। याचिका की सुनवाई के दौरान केन्द्र सरकार ने कहा कि पैंतालीस दिन या इससे अधिक की संविदा आधारित नौकरियों में आरक्षण का लाभ दिया जायेगा। केन्द्र की ओर से बताया गया कि सभी मंत्रालय और विभागों को आरक्षण का लाभ देने के निर्देश दिये गये हैं।

---

सर्वोच्च न्यायालय ने बिहार में जातीय गणना के जारी आंकड़ों पर रोक लगाने से इंकार कर दिया है। न्यायामूर्ति संजीव खन्ना की पीठ ने जातीय गणना पर रोक संबंधी याचिकाओं पर सुनवाई करते हुये कहा कि राज्य सरकार को नीति बनाने या काम करने से नहीं रोका जा सकता है। न्यायालय सिर्फ नीतियों की समीक्षा कर सकता है। अब इस मामले की सुनवाई अगले वर्ष जनवरी महीने में होगी।

---

एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष अख्तरूल ईमान ने जातीय गणना के आंकड़ों पर सवाल उठाया है। श्री ईमान ने कहा कि आंकडों में मुसलमानों की आबादी कम कर

दिखाई गयी है। उन्होंने कहा कि इस रिपोर्ट में कलाल–ईराकी को हिन्दू बताया गया है, जबकि वे मुस्लिम धर्म को मानते हैं।

———बाईट———

———————————————————————————————

भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने अपनी द्विमासिक समीक्षा में ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बताया कि मौद्रिक नीति समिति ने सर्वसम्मति से रेपो दर में कोई बदलाव नहीं करते हुए इसे छह दशमलव पांच प्रतिशत पर बरकरार रखा है।

———बाईट———

रेपो दर में बदलाव नहीं होने से आवासीय ऋण, वाहन ऋण और अन्य ऋणों पर ईएमआई में कोई बदलाव नहीं होगा।

———————————————————————————————

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि अगले दो साल में देश से नक्सलवाद पूरी तरह खत्म हो जायेगा। श्री शाह ने आज नई दिल्ली में नक्सल प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि वर्ष दो हजार बाईस में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में हिंसा और मौत की घटनाएं पिछले चार दशकों में सबसे कम देखी गयी। वहीं, वर्ष दो हजार दस की तुलना में वर्ष दो हजार बाईस में नक्सली घटनाओं में सतहत्तर प्रतिशत की कमी आयी है। बैठक में गृह मंत्री ने कहा कि सरकार की सुरक्षा संबंधी उपाय, विकास संबंधी नीतियों और स्थानीय समुदायों के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रयासों से वामपंथी हिंसा में कमी आई है। बैठक में बिहार से संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी शामिल हुये।

———————————————————————————————

बिहार पुलिस की सिपाही भर्ती परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक होने के मामले में अब तक एक सौ पचास लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अपर पुलिस महानिदेशक मुख्यालय जे.एस. गंगवार ने बताया कि इस मामले में अलग–अलग जिले में कुल चौहत्तर प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

———बाईट———

———————————————————————————————

भागलपुर स्थित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में हाथ में पिस्टल लेकर चलने के आरोप में जदयू विधायक गोपाल मंडल से जिलाधिकारी ने जवाब तलब किया है। विधायक द्वारा नोटिस का जवाब देने के बाद आगे की कार्रवाई

की जायेगी। गोपाल मंडल का वीडियो वायरल होने पर जिलाधिकारी ने इस मामले की पुलिस अधीक्षक से जांच करवाई थी।

———————————————————————

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के सभी शिक्षक संघों ने आज काम का बहिष्कार किया। इसे देखते हुये विश्वविद्यालय प्रशासन ने आज होने वाली सभी परीक्षाओं और मूल्यांकन कार्यों को भी स्थगित कर दिया था। कुलपति प्रोफेसर शैलेन्द्र कुमार चतुर्वेदी, रजिस्ट्रार संजय कुमार, वित्तीय सलाहकार जयप्रकाश शर्मा और वित्त पदाधिकारी विनोद कुमार के खिलाफ वित्तीय अनियमितता की प्राथमिकी दर्ज होने के कारण शिक्षक संघों ने प्रदर्शन किया।

———————————————————————

प्रदेश में आंतकवाद से जुड़ी घटनाओं की सुनवाई जल्द करने के लिए पटना व्यवहार न्यायालय में एक विशेष अदालत का गठन किया गया है। राज्य सरकार ने पटना हाईकोर्ट के परामर्श के बाद विशेष अदालत का गठन किया है। इसका क्षेत्र पूरा बिहार होगा। इस विशेष एटीएस कोर्ट में आतंकवाद निरोधी दस्ता के थानों में दर्ज होने वाले सभी मामलों की सुनवाई की जाएगी। इससे पहले इन मामलों की सुनवाई विभिन्न जिलों की अदालतों में सामान्य कांडों की तरह ही होती थी। राज्य में पहले से एनआईए का विशेष कोर्ट मौजूद है, जिसमें आतंकवाद या राष्ट्र विरोधी गतिविधि से जुड़े उन मामलों की सुनवाई होती है, जिसकी जांच एनआईए कर रही है।

———————————————————————

एशियाई खेलों में भारत का शानदार प्रदर्शन जारी है। भारतीय हॉकी टीम ने आज फाईनल मुकाबले में जापान को पराजित कर स्वर्ण पदक जीता। भारतीय खिलाड़ियों ने आज नौ मेडल अपने नाम किये। भारत बाईस स्वर्ण, चौंतीस रजत और उनतालीस कांस्य पदक समेत कुल पंचानवे पदक जीतकर पदक तालिका में चौथे स्थान पर बना हुआ है। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

भारत की पुरूष टीम ने हॉकी में नौ वर्ष के बाद स्वर्ण पदक जीतकर पेरिस ओलम्पिक के लिए क्वालिफाई कर लिया है। भारत ने जापान को पांच–एक से पराजित किया। तीरंदाज़ी में भारतीय रिकर्व महिला टीम ने कांस्य पदक के प्लेऑफ़ मैच में वियतनाम को 6–2 से हराकर कांस्य पदक जीता। जबकि पुरुष टीम ने फाइनल में दक्षिण कोरिया के खिलाफ रजत पदक जीता। रेगु सेमीफाइनल में थाईलैंड से हारने के बाद भारत की महिला टीम ने सेपकटाक्रा में कांस्य पदक जीता। कुश्ती में सोनम ने महिलाओं की फ्रीस्टाइल 62 किग्रा वर्ग में चीन की लोंग जिया को 7–5 से हराकर कांस्य पदक जीता। किरण बिश्नोई ने महिलाओं की फ्रीस्टाइल 76 किग्रा वर्ग में मंगोलिया की अरियुंजरगल गनबत को 6–3 से हराकर कांस्य पदक हासिल किया। बैडमिंटन में एच एस प्रणय को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। पुरुष क्रिकेट में भारत ने सेमीफाइनल में बांग्लादेश को 9 विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई। कबड्डी में भारत की पुरुष टीम ने पाकिस्तान को हराकर फाइनल में प्रवेश किया है। वहीं, बैडमिंटन सुपरस्टार चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज पुरुष युगल सेमीफाइनल में भारत की

कमान संभालेंगे। भारतीय जोड़ी ने कल पुरुष युगल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में अपनी शानदार जीत के साथ भारत के लिए पदक पक्का कर लिया। समाचार कक्ष से कामिनी ठाकुर।

———————————————————————

प्रदेश में आपदाओं के दौरान आपातकालीन संचार को बढ़ाने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आज सेल ब्रॉडकास्ट अलर्ट सिस्टम का परीक्षण किया गया। आईटीएस प्रौद्योगिकी के निदेशक विनोद शर्मा ने बताया कि देश के नागरिकों और समुदायों की सुरक्षा के लिये प्रत्येक दूरसंचार सेवा प्रदाता पर सेल ब्रॉडकास्ट अलर्ट सिस्टम का परीक्षण किया गया। श्री शर्मा ने बताया कि परीक्षण अवधि के दौरान लोगों को मोबाइल उपकरणों पर बनावटी आपातकालीन अलर्ट प्राप्त हुये। सेल ब्रॉडकास्ट अलर्ट सिस्टम एक अत्याधुनिक तकनीक है, जो एक निर्दिष्ट भौगोलिक क्षेत्र के भीतर सभी मोबाईल उपकरणों पर आपदा प्रबंधन के लिए संदेश भेजने की अनुमति देता है।

———————————————————————

राज्य में मॉनसून के लौटने की अनुकूल स्थितियां बनने लगी है, जिससे आने वाले दिनों में बारिश की गतिविधियों में कमी आयेगी। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है। वहीं, तीन दिनों के दौरान राज्य के अधिकतर हिस्सों में अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस बढ़ोतरी की सम्भावना है।

———बाईट———

इधर, मौसम साफ होने के बाद मधुबनी जिले के विभिन्न हिस्सों से हिमालय पर्वत श्रृंखला स्पष्ट देखी गयी।

———————————————————————

बारिश में कमी आने के चलते कैमूर जिले से गुजरने वाली पहाड़ी नदियों के जलस्तर में गिरावट आने से बाढ़ की स्थिति में सुधार हुआ है। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

———बाईट———

सुवरा, दुर्गावती और कर्मनाशा नदी के जलस्तर में तेजी से गिरावट आयी है। भगवानपुर, रामपुर और मोहनिया प्रखंड के निचले इलाकों से पानी तेजी से निकलने लगा है। दुर्गावती जलाशय परियोजना का भी जलस्तर धीरे–धीरे कम होने लगा है। क्षतिग्रस्त सड़कों और नहरों के तटबंधों की मरम्मत भी शुरू कर दी गयी है। जिलाधिकारी सावन कुमार ने बताया कि एक–दो दिनों में स्थिति पूर्व की तरह सामान्य हो जाएगी। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग फसलों को हुई क्षति का आकलन करवा रहा है ताकि किसानों को मुआवजा दिया जा सके। आकाशवाणी समाचार के लिए भभुआ से श्रीकांत पांडेय।

———————————————————————

राज्य में डेंगू के मामलों में लगातार बढ़ोतरी का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान डेंगू के तीन सौ चौवालीस नये मरीजों की पुष्टि हुई है। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पटना में सबसे अधिक एक सौ उनासी नए मामले मिले हैं। इधर, सारण जिले में बीस, भागलपुर में उन्नीस, नवादा में सत्रह और मुंगेर में सोलह नए मरीजों की पुष्टि हुयी है। प्रदेश में डेंगू मरीजों की संख्या आठ हजार से अधिक हो गयी है।

———————————————————————

अकांक्षी जिलों की डेल्टा रैंकिंग में कृषि क्षेत्र में मुजफ्फरपुर जिला देशभर में पहले स्थान पर रहा है। वहीं, ओवरऑल रैंकिंग में जिले को छठा स्थान मिला है।

———————————————————————

श्रम संसाधन मंत्री सुरेन्द्र राम ने कहा है कि नियोजन मेला के तहत पिछले वित्तीय वर्ष में उनहत्तर हजार से अधिक कामगारों और युवाओं को विभिन्न कम्पनियों में नौकरी दी गयी। समस्तीपुर में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि रोजगार उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार विशेष नियोजन मेला आयोजित कर रही है। इन मेलों के माध्यम से एक लाख युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है।

———————————————————————

सारण जिले के जलालपुर थाना क्षेत्र के रामपुर नूर स्थित सूर्य देव सिंह महाविद्यालय परिसर में असामाजिक तत्वों ने गोलीबारी की जिसमें कॉलेज के प्राचार्य और गार्ड घायल हो गये हैं।

———————————————————————

शिवहर जिला आज अपना उनतीसवां स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से कई कार्यक्रम आयोजित किये गये हैं।

———————————————————————

अररिया जिले के कुख्यात अपराधी संतोष मांझी को पुलिस ने पूर्णियां से गिरफ्तार कर लिया है। उस पर जिले में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार...........

01. केन्द्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दी जानकारी— पैंतालीस दिन या उससे अधिक की संविदा आधारित नौकरियों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग को अब आरक्षण का लाभ मिलेगा।

02. सर्वोच्च न्यायालय ने बिहार में जातीय गणना के जारी आंकड़ों पर रोक लगाने से इंकार किया। मामले की सुनवाई अगले वर्ष जनवरी महीने में होगी।

03. आरबीआई ने ब्याज दरों में कोई बदलाव न करते हुए रेपो दर छह दशमलव पांच प्रतिशत पर बरकरार रखा। आवासीय ऋण, वाहन ऋण और अन्य ऋणों पर ईएमआई में नहीं होगा कोई परिवर्तन।

04 और, एशियाई खेलों में भारत ने हॉकी का स्वर्ण पदक अपने नाम किया। बाईस स्वर्ण, चौंतीस रजत और उनतालीस कांस्य समेत पंचानवे पदक के साथ पदक तालिका में चौथे स्थान पर।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।